
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 30.05.2022 से 04.06.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## डैफलिंपिक्स एथलीटों का सम्मान समारोह
(दिनांक 30.05.22)




**विषय: डैफलिंपिक्स एथलीटों का सम्मान समारोह।**
**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पंचकुला पहुंचकर राज्य के डैफलिंपिक्स एथलीटों को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित किया गया था। समारोह के दौरान ब्राजील में डैफलिंपिक्स के चार स्वर्ण पदक विजेताओं, दो कांस्य पदक विजेताओं और नौ प्रतिभागियों सहित कुल 15 खिलाड़ियों को सम्मानित कर उन्हे पुरुस्कार राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ब्राजील में हाल ही में आयोजित डैफलिंपिक्स – 2021 में चार स्वर्ण पदक जीतकर, हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि राज्य को स्पोर्ट्स हब के रूप में क्यों जाना जाता है। साथ ही, देश के खिलाड़ियों द्वारा जीते गए कुल 16 पदकों में से 4 स्वर्ण सहित 6 पदक जीतकर उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा को भारत की पदक फैक्ट्री के रूप में क्यों जाना जाता है। हमें गर्व है कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारत के 65 एथलीटों में से 15 खिलाड़ी राज्य से हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने देश और राज्य को गौरवान्वित करने के लिए खिलाड़ियों, उनके परिवारों, शिक्षकों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है और इस डैफलिंपिक्स में भाग लेने वाले प्रत्येक एथलीट ने निष्चित रूप से अपने कौशल, शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा 'राज्य की ओर से आपको ये नकद पुरस्कार देकर मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है। आपकी उपलब्धियां इस बात का एक आदर्श उदाहरण हैं कि यदि किसी व्यक्ति में दृढ़ इच्छाशक्ति है, तो कोई भी शारीरिक अक्षमता या कमजोरी उसे अपने सपनों को साकार करने से नहीं रोक सकती।

मैं गर्व से कह सकता हूं कि चार स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर उन्होंने न केवल देश को गौरवान्वित किया

# साप्ताहिक सूचना पत्र





है, बल्कि एक बार फिर राज्य का गौरव बढ़ाया है।

पुरुस्कृत होने वाले खिलाडियों में श्री रोहित भाकर, श्री महेश, सुश्री दीक्षा डागर और श्री सुमित दहिया को क्रमशरू बैडमिंटन, गोल्फ और कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतने के लिए। कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वाले श्री अमित और श्री वीरेंद्र सिंह और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सुश्री प्रियंका, श्री बलराम, श्री योगेश डागर, सुश्री निर्चिरा, श्री अजय कुमार, श्री कुलदीप शर्मा, श्री आसिफ खान, श्री अमन और श्री शुभम वशिष्ठ को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने 116 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित चार अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का भी लोकार्पण किया। इनमें वैज्ञानिक खेल प्रशिक्षण एवं पुनर्वास केंद्र, बहुउद्देशीय हॉल नंबर 2 व 3, हॉकी एस्ट्रो–टर्फ और एथलेटिक्स ट्रैक का नवीनीकरण शामिल है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस तरह की अत्याधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान करना भी खिलाडियों की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग समिति की बैठक

**(दिनांक 27.05.22)**



**विषय: अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग समिति की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग समिति की बैठक ली। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रभावी रूप से अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लोगों के लिए हम सुरक्षित और

# साप्ताहिक सूचना पत्र




सम्मानजनक सामाजिक वातावरण मुहैया करवाने में सक्षम रहे हैं।

बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी ने समिति के सदस्यों को सलाह दी कि वे भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत व्यक्तिगत रूप से फाइल स्थानांतरित करने के बजाए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राशि का लाभ ऑनलाइन ट्रांसफर बेहतर है क्योंकि यह सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचता है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने समिति के सदस्यों से अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उन्हें दिए जा रहे लाभों के संबंध में विस्तार से बात करते हुए कहा कि सरकार गरीब लोगों के हित में कार्य कर रही है ताकि यह भी समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने समिति के सदस्यों से कहा कि हत्या, बलात्कार या इनसे जुड़े मामलों की एक सूची तैयार कर दी जाए ताकि दिए जाने वाले मुआवजा मे देरी के कारणों का पता लगाया जाए और जल्द ही लंबित मामलों का निपटान किया जाए।

बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि कोविड–19 संकट के दौरान भी समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को पढ़ाई में आई समस्यों को देखकर सरकार ने लोकहित में काम करते हुए सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को टैबलेट देने का काम किया है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज हित में इसकी जरूरत थी, ताकि वंचित बच्चे भी आगे बढ़े।

इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने कहा कि यह पहली बार है कि किसी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए पहल की गई है और ऐसी समिति का गठन किया गया है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पुलिस भाइयों से सीधा संवाद

(दिनांक 01.06.22)




**विषय: पुलिस भाइयों से सीधा संवाद।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज 31 अक्टूबर 2024 तक रिटायर होने वाले पुलिसकर्मियों से ऑडियो सिस्टम के माध्यम से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री जी ने रिटायर होने वाले सभी पुलिस के कर्मचारियों को हरियाणा के लिए की गई उनकी सेवा के लिए उनका आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

साथ ही सभी से रिटायरमेंट के बाद समर्पण पोर्टल पर जुड़कर निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशभर के 408 पुलिसकर्मियों से संवाद किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने भी दिल खोलकर मुख्यमंत्री से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि वे रिटायरमेंट के बाद समर्पण पोर्टल से जुड़कर समाज सेवा के महान कार्य में अपना योगदान देंगे।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पुलिसकर्मी बेहद संवेदनशील कार्य करते हैं। उन्हें कभी अपराधियों का सामना करना पड़ता है तो कभी दुर्घटना के दौरान लोगों की सेवा, सहायता आदि का कार्य करते हैं। जब हम मन से किसी की सेवा करते हैं तो संतुष्टि के साथ–साथ आनंद भी मिलता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जो पुलिसकर्मी 31 अक्टूबर 2024 तक रिटायर हो रहे हैं, उनके मन में जरुर यह भाव आता होगा कि रिटायर होने के बाद वे क्या कार्य करेंगे लेकिन हरियाणा सरकार ने ऐसे लोगों के लिए समर्पण पोर्टल बनाया है। इससे जुड़कर कोई भी व्यक्ति समाज सेवा के यज्ञ में अपनी आहुति दे सकता है।

इसके साथ ही उन्होने कहा कि जो भी पुलिसकर्मी आज इस ऑडियो माध्यम से संवाद कर रहे हैं, वे रिटायर होने के बाद इस पोर्टल से जरुर जुड़ें। उन्होंने आह्वान किया कि ये पुलिसकर्मी दूसरों तक भी इस संदेश को पहुंचाएं और अपने साथी पुलिसकर्मियों को इस पोर्टल से जोड़ें। 2024 तक रिटायर होने वाले पुलिसकर्मी अभी से पोर्टल पर

# साप्ताहिक सूचना पत्र



रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। वे इस पोर्टल पर दिए गए कमेंट बॉक्स में अपनी रिटायरमेंट की तारीख डाल सकते हैं, ताकि संबंधित विभाग उनसे इस समय अवधि के बाद संपर्क कर सके।

सीधे संवाद के दौरान भिवानी से जुड़े पुलिसकर्मी हरि ओम ने कहा कि वे रिटायरमेंट के बाद इस पोर्टल से जुड़कर समाजसेवा में अपना योगदान देंगे। इसी तरह पुलिसकर्मी राजिंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के इस आह्वान से उन्हें प्रेरणा मिली है और रिटायरमेंट के बाद वे भी इस कार्य में अपना योगदान देंगे। इसके अतिरिक्त दूसरे पुलिसकर्मियों को भी इस संबंध में सूचित करेंगे। कुरुक्षेत्र की महिला पुलिसकर्मी रजनी रानी ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि मुख्यमंत्री ने रिटायरमेंट के बाद उन्हें सेवा करने का एक बेहतर रास्ता दिखाया है।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 के संबंध में प्रेसवार्ता

(दिनांक 02.06.22)




**विषय: खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 के संबंध में प्रेसवार्ता।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भवन प्रेसवार्ता कर हरियाणा में होने जा रहे खेलों इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा की मेजबानी में 4 जून से 13 जून 2022 तक होने वाले 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021' के चौथे संस्करण के आयोजन के लिए 250 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इस राशि में से,

# साप्ताहिक सूचना पत्र

139 करोड़ रुपये नई खेल संरचना के निर्माण और पुराने बुनियादी ढांचे के सुधार पर खर्च किए गए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने आज यहां प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि यह खेलो इंडिया गेम्स प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम मिशन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हरियाणा को इस खेल उत्सव की मेजबानी करने का सुनहरा अवसर देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ओपनिंग सेरेमनी में केंद्रीय गृह मंत्री मुख्य अतिथि होंगे।

हरियाणा में होने जा रहे खेलों इंडिया में खिलाड़ी 545 स्वर्ण, 545 रजत और 776 कांस्य पदक के लिए अपना जोहर दिखाएंगे।

## जिला उपायुक्तों के साथ योजनाओं की समीक्षा बैठक

(दिनांक 02.06.22)



**विषय: जिला उपायुक्तों के साथ योजनाओं की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज प्रदेश में चल रही महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए सभी जिला उपायुक्तो के साथ एक समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के अति गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देष्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तीसरे चरण के अंत्योदय मेलों का आयोजन 10 जून से किया जाएगा। बैठक में 12 योजनाओं पर उपायुक्तों

से फीडबैक लिया गया और नई योजनाओं पर भी विचार–विमर्श किया गया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने बताया कि 1 जुलाई से आर्म्ड लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रदेश में लोगों को शस्त्र लाइसेंस देने के लिए अभी तक कोई निर्धारित नीति नहीं थी, परंतु अब हमने आर्म्ड लाइसेंस पॉलिसी बनाई है, जिसके अनुसार ही शस्त्र लाइसेंस दिए जाएंगे। इस नीति से लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।

माननीय मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए शुरू किए गए नए फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों की सुविधा के लिए हरियाणा ने एक अनूठी पहल करते हुए ई–फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल पर अब किसान स्वयं अपनी फसल के नुकसान की जानकारी डाल सकेंगे, ताकि उन्हें मुआवजा मिलने में किसी प्रकार की देरी या गड़बड़ी न हो। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए फसल के नुकसान का ब्यौरा सर्वप्रथम किसान इस पोर्टल पर डालेंगे। उसके बाद पटवारी, कानूनगो और तहसीलदार फसल खराबी की गिरदावरी करेंगे। अंत में उपायुक्त स्तर पर सभी डाटा का मिलान किया जाएगा और यदि डाटा का मिलान नहीं होता तो ड्रोन इमेज के साथ भी मिलान किया जाएगा। इस प्रकार किसानों को उनके नुकसान का पूरा मुआवजा मिलेगा।

अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के किए जा रहे जीर्णोद्वार की जानकारी भी मुख्यमंत्री जी ने सभी उपायुक्तो से ली और इस कार्य को बरसात के पहले पहले पूरा करने का निर्देश दिया।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने इसके लिए 'अमृत सरोवर पोर्टल' तथा 'ग्रीवेंसिज रिड्रेसल मैकेनिज्म पोर्टल' को भी लांच किया। इनमें 'अमृत सरोवर पोर्टल' पर प्रदेश में बनाए जा रहे तालाबों की अपडेटस लाइव होंगी। हरियाणा में 1650 तालाब तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, 'ग्रीवेंसिज रिड्रेसल मैकेनिज्म पोर्टल' पर तालाब की जमीन पर अतिक्रमण, कब्जा एवं दूसरी शिकायतें अपलोड की जा सकेंगी।

## नई विधानसभा के लिए साइट का दौरा

**(दिनांक 04.06.22)**

**विषय: नई विधानसभा के लिए साइट का दौरा।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज सुबह चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के नए भवन का निर्माण करने के लिए प्रस्तावित साइट का दौरा किया।

मुख्यमंत्री जी ने आईटी पार्क रोड़ पर रेलवे स्टेशन के नजदीक लाईट–प्वाइंट पर यू.टी चंडीगढ़ की जमीन में हरियाणा विधानसभा के नए भवन के लिए सुझाई गई साइट का दौरा किया। उन्होंने दो अन्य साइट्स के बारे में भी अधिकारियों से चर्चा की।

मुख्यमंत्री जी ने उक्त साइट के बारे में अर्बन प्लानिंग डिपार्टमैंट चंडीगढ़ के अधिकारियों से नक्शे के माध्यम से विस्तार से जानकारी ली। करीब 10 एकड़ की इस साइट की लंबाई–चौड़ाई व अन्य पैमाइश बारे पूछताछ की जिस पर अधिकारियों ने जमीन के मालिकाना हक व अन्य औपचारिकताओं के बारे में बताया।

# अम्बाला में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण

(दिनांक 04.06.22)



**विषय: अम्बाला में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अम्बाला छावनी में करोडों रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उदघाटन किया। इनमे आल वैदर स्वीमिंग पुल, एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स तथा एस.सी. ब्वाएज स्पोर्टस होस्टल का उद्घाटन एवं लोकार्पण शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 की मेजबानी का हरियाणा को अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कहा कि इन खेलों के चौथे संस्करण की इन खेल प्रतियोगिताओं के मुख्य आयोजन पंचकूला में होंगे जबकि स्वीमिंग जिम्नास्टिक से सम्बन्धित प्रतियोगिताएं अम्बाला छावनी में होगी, इसके अलावा कुछ प्रतियोगिताएं शाहबाद, चण्डीगढ व दिल्ली में होंगी। उन्होंने कहा कि पहले अम्बाला को साईंस सिटी तथा मिक्सी उद्योग के नाम से जाना जाता था लेकिन अब यहां पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम बनने से अम्बाला को खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान मिली है।

अम्बाला छावनी में उत्तर भारत का बेहतरीन किस्म का स्विमिंग पुल का निर्माण किया गया है जिससे युवाओं को स्वीमिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि अम्बाला में स्वीमिंग की अकादमी बनाई जाएगी जिसमें सालभर तैराकी से सम्बन्धित प्रतियोगिताएं होंगी और देश दुनिया के तैराक आएंगे जिससे स्थानीय लोग भी यहां तैराकी सीख पाएंगे।

उन्होंने कहा कि मन, बुद्धि और शरीर की एकाग्रता तैराकी के लिए बेहद जरूरी है। तैराकी का जिक्र करते हुए कहा कि जीव–जंतु, पशु पक्षी आदि जीवों में मनुष्य अपनी बुद्घि एवं योग्यता के दम पर सबसे अगली पंक्ति में खड़ा मिलता है लेकिन दूसरे जीव जहां तैरना जानते हैं वहीं मनुष्य को तैराकी सीखनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों मे युवा तालाब, नहर आदि स्थानों पर तैराकी करते थे और जब से यह खेल अंतरराष्ट्रीय बना है तो इसमें हमारे युवा ऐसे पारंगत हों, इस ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सोनीपत राई में

# साप्ताहिक सूचना पत्र





स्थित स्पोर्टस स्कूल को खेल यूनिवर्सिटी बनाया जायेगा। वहां पर खेलों से सम्बन्धित रिसर्च होंगी और खेलों को बढावा देने के लिए नई–नई योजनाओं पर काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज कृषि, साईंस, शिक्षा आदि प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और यहां के युवा अपनी काबिलियत का लोहा प्रत्येक क्षेत्र में मनवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय पहलवान को प्रतीक रूप में जोड़ते हुए यह नारा लगाया और खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अम्बाला को उद्योग का केंद्र बनाना चाहते हैं जिस प्रकार से प्रदेश के दक्षिण में गुरुग्राम है उसी प्रकार उत्तर में अंबाला में उद्योग विकसित हों तथा इंवेस्टर यहां पर आएं। उन्होंने सबका साथ सबका विकास का नारा देते हुए कहा कि अगर आप एक कदम आगे बढ़ाएंगे तो सरकार आपके साथ सरकार आपके साथ चार कदम आगे बढ़ाकर चलेगी।

## पंचकूला से खेलो इंडिया यूथ गेम्स की की शुरुआत

(दिनांक 04.06.22)



**विषय: पंचकूला से खेलो इंडिया यूथ गेम्स की की शुरुआत।**

**प्रभाव:** आज हरियाणा में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में पंचकूला से खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 का शानदार आगाज हुआ। इस उद्घाटन समारोह के दौरान ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रंग–बिरंगी रोशनी से सराबोर नजर आया। आर्मी बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर जी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का हरियाणा आगमन के लिए स्वागत एवं अभिनंदन

# साप्ताहिक सूचना पत्र




करते हुए कहा कि आज गौरव का दिन है जब इतने बड़े खेल त्योहार की शुरुआत हुई है।

उन्होंने कहा कि ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अगले 10 दिनों तक पदक के लिए खिलाड़ियों के दम–खम का गवाह बनेगा। 2,262 लड़कियों सहित 4,700 से अधिक एथलीट 5 स्वदेशी खेलों सहित 25 रोमांचक खेलों में स्वर्ण और गौरव के लिए संघर्श करेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने इन खेलों में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को को संदेश देते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल भावना को सर्वोपरि रखें और मन लगाकर खेलें। खेल में हार–जीत ज्यादा महत्व नहीं रखती, महत्व इस बात का है कि आप कैसा खेले और कैसे खेले। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना ही बहुत महत्व रखता है।

उन्होंने कहा कि वे कामना करते हैं कि खिलाड़ी अपने जीवन में नित नई ऊँचाइयां हासिल कर नए आयाम स्थापित करें। इस प्रतियोगिता से निष्चय ही सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुझे विश्वास है कि देश के कोने–कोने से आए खिलाड़ी इस प्रतियोगिता से मीठी और अनमोल यादें साथ लेकर जाएंगे। भविष्य में यही यादें उन्हें फिर से हरियाणा में आने के लिए प्रेरित करेंगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फलक पर हमारे खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों और प्रदेश में मौजूद मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए ही केन्द्र सरकार ने हरियाणा को 'खेलो इण्डिया–2021' की मेजबानी करने का दायित्व सौंपा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि खेलो इण्डिया–2021 की इस प्रतिश्ठित प्रतियोगिता में 5 स्वदेशी खेलों सहित कुल 25 खेलों के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 8500 खिलाड़ी और तकनीकी अधिकारी भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न खेलों में अपना जौहर दिखाएंगे। आज से शुरू होकर 13 जून तक चलने वाले इन खेलों का आयोजन पंचकूला के साथ–साथ अम्बाला, शाहबाद, दिल्ली और चंडीगढ़ में भी होगा। उन्होंने कहा कि 'खेलो इण्डिया गेम्स' में हरियाणा के मस्कट का नाम 'धाकड़' रखा गया है। जिस तरह से हरियाणा का जवान धाकड़ है, हरियाणा का किसान धाकड़ है और हरियाणा का पहलवान धाकड़ है। ठीक उसी प्रकार हमारे खिलाड़ी इन खेलों में प्रदर्शन भी धाकड़ करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री माननीय श्री अमित शाह जी ने हरियाणा को खेलों की धरती बताया और यहां के खिलाडियों के खेलों में योगदान की जमकर तारीफ़ की। उन्होंने खिलाडियों को मिलने वाली सुविधाओं और सहायता का जिक्र करते हुए हरियाणा सरकार की खेल नीतियों की तारीफ़ की। साथ ही खेलों इंडिया में भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देकर खेलों इंडिया 2021 गेम्स की शुरुआत की।